तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

11 जल जीवन मिशन फेल, करोड़ों खर्च के बाद भी ...

12 नगर में हनुमान जयंती महोत्सव पर आज विविध...




## खबर संक्षेप

### अरमरीकला में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियमित रूप से जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में बुधवार, 02 अप्रैल को सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। जिससे राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

### ग्राम कन्नेवाड़ा और करहीभदर के युवाओं का सब-इंस्पेक्टर पद पर चयन, भव्य स्वागत



**बालोद।** ग्राम कन्नेवाड़ा व ग्राम करहीभदर में नव नियुक्त सब–इंस्पेक्टरों का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम कन्नेवाड़ा और ग्राम करहीभदर के लिए गर्व का विषय है कि गांव के दो होनहार युवा हेमंत मरगिया और कन्हैया देवांगन का चयन सब–इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। दोनों पूर्व में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्ष 2016 में हुए उरी हमले के दौरान देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद दोनों ने समाज सेवा का मार्ग अपनाया और पिछले चार वर्षों से क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते रहे। उनके मार्गदर्शन और परिश्रम का परिणाम यह रहा कि उनके लगभग 75 प्रशिक्षु विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

सभी ग्रामवासी इन दोनों होनहार व्यक्तित्वों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कि वे आगे भी देश और समाज की सेवा करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

**विडंबना :** हर दिन मौत को दावत देती यातायात व्यवस्था, स्थायी समाधान की जरूरत

# सड़कों पर अतिक्रमण से बिगड़ी यातायात व्यवस्था
# नो-पार्किंग बना मजाक व हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खास खबर

शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली मुख्य सड़कों पर इन दिनों अराजकता का ऐसा आलम है, जिसने आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। माइन्स ऑफिस चौक से ज्ञानू पेट्रोल पंप तक और श्रमिक चौक से माइन्स ऑफिस चौक तक सड़क के दोनों किनारों पर भारी वाहनों, हाईवा, कबाड़ी गाड़ियों, चारपहिया वाहनों और गैराज में खड़ी मरम्मत वाली गाड़ियों ने स्थायी अतिक्रमण कर लिया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सड़कें अब केवल नाम मात्र की रह गई हैं।

बीएसपी प्रबंधन और नगर पालिका द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। दिनभर इन मार्गों पर भारी वाहनों की कतारें लगी रहती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। दोपहिया और पैदल चलने वालों के लिए जगह तक नहीं बचती। कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

### व्यापारियों और गैराज संचालकों की मजबूरी

स्थानीय व्यापारियों और गैराज संचालकों का कहना है कि शहर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं। उन्होंने प्रशासन से वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की है।

### जनता में आक्रोश, उठ रही सख्त कार्रवाई की मांग

दल्लीराजहरा शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह केवल यातायात समस्या नहीं, बल्कि आम लोगों की जान से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जनआंदोलन की स्थिति बन सकती है।






### हादसे बढ़े, लेकिन जिम्मेदार बेखबर

स्थानीय लोगों के अनुसार, बीते कुछ महीनों में इन मार्गों पर कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद न तो कोई ठोस कार्रवाई दिख रही है और न ही सख्ती। लोगों में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि क्या किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

### कार्रवाई के दावे, असर शून्य

यातायात विभाग द्वारा समय-समय पर चालानी कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आता। वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए दोबारा उसी स्थान पर वाहन खड़े कर देते हैं।

### जिम्मेदार विभागों की चुप्पी पर उठे सवाल

इस गंभीर समस्या के बावजूद बीएसपी प्रबंधन, नगर पालिका, राजस्व विभाग और यातायात अमला प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति से स्थिति और भी बिगड़ती जा रही है। यह लापरवाही अब सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन चुकी है।

### चालानी कार्रवाई की जा रही

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले का कहना है कि नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही विशेष ड्राइव चलाकर सख्ती बढ़ाई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**विकास पाटले,** नगर पुलिस अधीक्षक

### अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि दल्लीराजहरा शहर में अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

**दिव्या मिश्रा**
जिला कलेक्टर

### कार्रवाई की तैयारी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी का कहना है कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। कई बार नोटिस जारी किए गए हैं और आगे सख्त कार्रवाई की तैयारी है। जल्द ही विशेष अभियान चलाकर सड़कों को खाली कराया जाएगा।

**सीमा बक्शी**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी

### क्षेत्र यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता

बीएसपी महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार के अनुसार, कंपनी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता में है। संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

**आर. बी. गहरवार**
बीएसपी महाप्रबंधक

## जिले को मिली 15 नई एंबुलेंस अब मिलेगी त्वरित स्वास्थ्य सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की मौजूदगी में एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना

छत्तीसगढ़ में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के तहत 375 नई एंबुलेंसों का लोकार्पण किया है, जिससे अब लोगों को तेजी से मेडिकल सहायता मिल सकेगी। जिसमें बालोद जिले को 15 नई एंबुलेंस की सौगात मिली है।

इस पहल के तहत 14 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस शामिल हैं। नई व्यवस्था के अनुसार अब शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट के भीतर और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इससे दूर–दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी समय पर इलाज मिल सकेगा। बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाएं दी गई हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन सपोर्ट,



नेब्युलाइजेशन और अन्य जरूरी उपचार भी मौके पर ही उपलब्ध होंगे।

संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में आज संजीवनी एक्सप्रेस की सभी वाहनों का आगमन हुआ। यहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कृष्णकांत पवार सहित मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके की उपस्थिति में सभी एंबुलेंस की विधिवत पूजा अर्चना कर झंडी दिखाकर जिले के सभी विकासखंड में रवाना किया गया।

## डायल 112 सेवा को प्रभावी बनाने पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रिस्पॉन्स टाइम कम करने और बेहतर सेवा पर दिया गया जोर

जिले में प्रारंभ होने वाली डॉयल 112 के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, तेज और सुचारू बनाना, प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन कॉल प्राप्त होते ही त्वरित प्रतिक्रिया देने के





निर्देश दिए गए, विशेष रूप से रिस्पॉन्स टाइम को कम करने, घटना स्थल पर शीघ्र पहुंच कर आम नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने निर्देश दी गई। प्रशिक्षण सत्र में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा पीड़ितों को समय पर सहायता पहुंचाने के लिए व्याहारिक मार्गदर्शन दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण को पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण पुलिस कार्यालय बालोद के सभा कक्ष में रखा गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, कंट्रोल प्रभारी महेन्द्र सिंग ठाकुर सउनि. के द्वारा भी डॉयल 112 के संबंध में इकाई के थानों से आये कर्मचारीयों को प्रशिक्षण दिया गया।

## पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन और 'ज्ञानभारतम' के मध्य हुए एम.ओ.यू. के तहत जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण गतिविधियों के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति एवं नोडल अधिकारियों का गठन किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा समिति की अध्यक्ष होंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी मोबाईल नंबर 7587202092 नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर 9630770881 सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी 9425235450, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर 7354584284, अधीक्षक भू–अभिलेख भूपेन्द्र ताण्डेकर 8602145340 एवं सहायक प्राध्यापक नवीन कॉलेज घोटिया दीपक मेश्राम 8959553921 समिति के सदस्य होंगे। उल्लेखनीय है कि समिति के द्वारा जिले के प्राचीन स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों एवं अवशेषों की सुरक्षा, संस्कृति, कला एवं प्राचीन मुद्राओं आदि के अध्ययन में प्रोत्साहित एवं खोज में तथा संग्रहालयों में विकास में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में 35 युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के बैठक में कांग्रेस पाटएँ के रीति नीति एवं विधायक संगीता सिन्हा के कार्यशैली से प्रभावित होकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष डॉ किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली एवं संगठन के वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में युवा नेता हिमांशु लावत्रे के नेतृत्व में गुरूर ब्लॉक के 35 युवाओं ने कांग्रेस पाटएँ का दामन थामा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक अंतर्गत समस्त बूथों, पंचायतों एवं नगरीय निकाय के वार्डों में संगठनात्मक ढांचा पूर्ण किये जाने के संबंध एवं नवनियुक्त ब्लॉक के पदाधिकारी का सम्मान समारोह और आगामी नगरीय निकाय पलारी के मतदाता सूची परीक्षण के संदर्भ में आवश्यक बैठक आहूत किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संघठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर की कार्यकारिणी का विस्तार 1 अप्रैल बुधवार को किया गया।

जिसमें गुरुर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष मनोज साहू, दुर्गुराम सिन्हा, धनुष साहू, प्रभात धुरवे को उपाध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर, महामंत्री ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर सादिक अली, सुमित राजपूत, मुकेश सार्वा, संयुक्त महामंत्री शिव सिन्हा को नियुक्त किया गया साथ ही साथ शिवम कुरेटी, कुलदीप साहू, तुलेश सिन्हा, डेमन देवांगन को सचिव ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर और मीडिया प्रभारी ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर शिवम कुरेटी, उमेश कुमार साहू, को नियुक्त किया गया। जिससे गुरूर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साहपूर्ण माहौल बन गया है।

### ये रहे उपस्थित

इस खुशी के अवसर पर संजारी बालोद गुरूर विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैय्या राम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष डा. किशोर साहू, दाउ केसरी लाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, पूरन साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बालोद बसंत सोनबेर,, जिला महामंत्री और किसान नेता संजयप्रकाश चौधरी, जिलामहामंत्री जितेंद्र कुमार यादव, जिला सचिव हलालखोर कुंजाम, जिला सचिव कुलेश्वरी गावड़े, जिला सचिव राकेश सोनबेर, जिला सचिव यशवंतपूरी गोस्वामी, जिला कार्यकारिणी सदस्यमहिमा साहू, , हिमांशु लावत्रे, मंडल उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष यूथ कॉंग्रेस रिखी राम साहू, यानेश सोनकलिहारी, डा. लोकेश्वर साहू, हिरूराम सार्वा, दुजेंद्र साहू, व्यासनारायण साहू, चित्रंगद सोनबेर, देवनारायण साहू, संजय केकती, प्रदीप साहू, भानुप्रताप साहू, बसंत साहू मंशाराम साहू, हेमंत साहू, लूप्रभा साहू, भुवन साहू, बाबुलाल साहू रवीन्द्र साहू, राजू साहू,, भुवनेश्वर ठाकुर, सोनिया साहू एवं क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं ने हर्श व्यक्त की।

**कलेक्टर दिव्या मिश्रा के निर्देश पर प्रशासन कर रहा लगातार मॉनिटरिंग**

# पश्चिम एशियाई संकट के बीच बालोद जिले में घरेलू और व्यापारिक गैस का पर्याप्त स्टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार पश्चिम एशियाई संकट के मद्देनजर बालोद जिले के उपभोक्ताओं को समय पर समुचित मात्र में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने हेतु चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। बालोद जिले के गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में घरेलु एवं कामर्शियल गैस सिलेण्डर उपलब्ध होने से हितग्राहियों को गैस सिलेण्डर प्रबंध करने में किसी प्रकार की परेशानी नही हो रही है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा किए गए बेहतरीन व्यवस्था के फलस्वरूप आज 01 अप्रैल के लिए बालोद जिले के गैस एजेंसियों के पास कुल 2633 घरेलु एवं 51 कामर्शियल गैस सिलेण्डर्स उपलब्ध रहा। इसके अंतर्गत आज 01 अप्रैल के लिए पूर्व इण्डेन वितरक गैस एजेंसी गुरूर के पास 140 घरेलु एवं 02 कामर्शियल, अरमरीकला ग्रामीण वितरक गुरूर के पास 169 घरेलु, बिरेतरा एचपी गैस एजेंसी



गुण्डरदेही के पास 127 घरेलु, मोहंदीपाट इंडेन ग्रामीण वितरक के पास 213 घरेलु एवं 01 कामर्शियल, सौम्य एचपी गैस एजेंसी गुण्डरदेही के पास 360 घरेलु, काम्बले गैस एजेंसी दल्लीराजहरा के पास 399 घरेलु एवं 38 कामर्शियल, गोविंद इण्डेन गैस एजेंसी बालोद के पास 618 घरेलु एवं 10 कामर्शियल, ओम साई एचपी गैस एजेंसी डौण्डीलोहारा के पास 87 घरेलु, देवरी बंगला एचपी गैस एजेंसी के पास 46 घरेलु, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पापरा इण्डेन ग्रामीण वितरक के पास 134 घरेलु एवं शारदा गैस एजेंसी मंगचुवा के पास 340 घरेलु गैस सिलेण्डर उपलब्ध रहा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार पश्चिम एशियाई संकट के कारण उत्पन्न स्थिति में बालोद जिले के उपभोक्ताओं को समय पर समुचित मात्रा में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने हेतु प्रशासनिक अमले के द्वारा फील्ड विजिट कर निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर मिश्रा ने इस दौरान एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य सभी आवश्यकत वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अनुभाग स्तरीय समितियों का भी गठन किया गया है। जिसके फलस्वरूप जिले के उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेण्डर एवं अन्य जरूरी चीजों की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है।

## खबर संक्षेप



### धारदार हथियार लहराने वाले को पकड़ा गया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिम गार्डन, नेहरू नगर सुपेला के पास हरू नगर रेशमी आवास, सुपेला निवासी सक्सित फुले न धारदार हथियार लेकर आम लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक धारदार हथियार जब्त किया है।

### सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**भिलाई।** सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरेझर, चौकी अंजोरा निवासी कमलेश यादव को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने नगदी 2550 रुपए और डॉट पेन जब्त किया गया है।

### भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**भिलाई।** भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में 1 अप्रैल को दोपहर 2 से बैठक आयोजित की गई है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। आयोजित होने वाली बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अपेक्षित सदस्य बैठक में उपस्थित रहेंगे

### हुज्जत करने वाली महिला हुई गिरफ्तार



**भिलाई।** शासकीय कार्य में बाधा और पुलिस अफसर से हुज्जद करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर सुपेला निवासी मीना चौहान को बयान के लिए बुलाया गया था। बयान उप निरीक्षक नमिता टेकाम द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों में हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। जिस पर आरोपी द्वारा मना करते हुए गाली-गलौज की गई। आरोपी मीना द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए उप निरीक्षक के साथ हुज्जत की गई। जांच के दौरान आरोपी मीना चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

# वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने बनाया गया ठंडा-ठंडा कूल-कूल माहौल

## मैत्रीबाग जू में परिंदों के लिए स्प्रिंकलर से पानी की फुहार, सफेद बाघों को भी शावर और रेत से मिलेगी ठंडकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मार्च महीने के बीतने के बाद जल्द ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगेगी। इसे देखते हुए मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्म मौसम से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम शुरु कर दिए गए हैं। जू प्रबंधन द्वारा जानवरों और पक्षियों के रहवास, देखभाल के साथ उनके खानपान पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। सभी के एनक्लोजरों को ठंडा ठंडा कूल कूल रखे जाने की व्यवस्था की जा रही है।

बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग के पक्षियों और जानवरों को तेज गर्मी से बचाने के लिए तैयारी शुरु कर दी गई है। इस साल गर्मी अधिक पड़ने के आसार हैं। पिछले हफ्ते दस दिन से शहर तपने लगा है। अगले हफ्तेभर में तापमान 40 डिग्री होने के आसरा हैं। इसे देखते हुए जू प्रबंधन द्वारा वन्य प्राणियों के एनक्लोजरों और कैज को ठंडा रखने के लिए व्यवस्था की गई है। इसके तहत बड्र्स काम्पलेक्स में स्प्रिंगलर लगाए गए हैं। स्प्रिंगलर के पानी के फौव्वारे से यहां ठंडा वातावरण रहेगा। इसके अलावा सभी परिंदों के कैज के सामने की जाली के ऊपर ग्रीन चटाई लगाई जा रही है। इससे पखवाड़ेभर बाद गर्मी बढ़ने पर गर्म हवा का असर कम होगा। परिंदों को ठंडकता मिलने से गर्मी से सुकून मिलेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ठंडे प्रदेशों में रहने वाले कुछ बड्र्स काफी संवेदनशील होते हैं, जिन पर गर्मी और ठंड के मौसम का प्रभाव अधिक पड़ता है। चिड़ियाघर में पांच मोर,स्टूअर्ट स्टार्क, सारस और सहित दो दर्जन से अधिक पक्षी हैं।



### गर्मी में दिया जाएगा संतुलित खानपान

मैत्रीबाग में पक्षियों के तरह जानवरों को भी भीषण गर्मी से बचाने के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके तहत टाइगर व लायन और भालू आदि के एनक्लोजर में भी सर्द माहौल बनाए रखने के प्रबंध किए जाएंगे । इसके तहत काफी संवेदनशील माने जाने वाले सफेद बाघों के एनक्लोजर की छत पर चटाई बिछाकर शावर से पानी छोड़ा जाएगा। नीचे अंदर रेत बिछाई जा रही है और यहां भी पानी भरा जाएगा। मैत्रीबाग के एकमात्र लायन के एनक्लोजर में भी ठंडकता के प्रबंध किए जा रहे हैं। वन्य प्राणियों के रहवास के साथ देखभाल और खानपान पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। मैत्रीबाग के प्रभारी महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताते हैं कि चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को तेज धूप या लू से बचाने के लिए हर तरह से ध्यान दिया जाता है । जानवरों के पाचन और मौसम से बदलने वाले बिहेवियर को देखते हुए खानपान संतुलित रखा जाता है। गर्मी बढ़ने पर टाइगर की खुराक थोड़ी कम कर दी जाती है, ताकि डाइजेशन खराब न हो ।

## बीएमएस ने की समय पर डाक्टरों की ड्यूटी व कूलर-पंखे लगाने की मांग

# सेक्टर-9 हास्पिटल में सुविधाएं सिमटने से मरीज इलाज के लिए हो रहे परेशान

### दर्जनभर विभागों में नहीं हैं विशेषज्ञ चिकित्सक, बंद पड़ी है सीटी स्कैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े अस्पताल के रुप में पहचान बनाने वाले बीएसपी के पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्साल एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएच) सेक्टर 9 अब एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। चिकित्सा सुविधाओं में गिरावट, डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी और चिकित्सा उपकरणों आदि समस्याओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। भिलाई इस्पात मजदूर यूनियन ने प्रबंधन से जल्द निदान किए जाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होने की चेतावनी दी है।

डेढ़ हजार बेड क्षमता वाले सेक्टर नौ मेन हास्पिटल के चिकित्सा सुविधाओं में पिछले कुछ साल से निरंतर गिरावट आ रही है। अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, सुविधाओं और जंबो डाक्टरों व पैरामेडिकल टीम के कारण दो दशक पूर्व तक 40 हजार बीएसपी कर्मियों व परिवार को चिकित्सा सहूलियत उपलब्ध कराने वाला यह अस्पताल अब मात्र 13 हजार कर्मियों को पर्याप्त सुविधा देने लायक नहीं रह गया है। हजारों गैर बीएसपी कर्मियों का भी भी वहन करने में अस्पताल पर अक्षम साबित हो रहा है। कई बार बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व यूनियनों की मांग व धरने के बाद भी प्रबंधन द्वारा पूर्व की तरह इस अस्पताल को अपग्रेड नहीं किए जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। यूनियनों के मुताबिक जेएलएनएच में कई विशेषज्ञ डाक्टरों के पद खाली होने और पैरामेडिकल स्टाफ की किल्लत मरीजों पर भारी पड़ रही है। अस्पताल मे हार्ट, न्यूरो फिजिशियन, एंट्रोपोलाजी सहित दर्जन भर विभागों में विशेषज्ञ नही होने से मरीजों को अन्य अस्पतालों में रिफर किया जा रहा है। कई डाक्टर आउटसोर्स पर हैं पर समय पर नहं उलब्ध होने से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। मनोरोग विभाग में एकमात्र चिकित्सक हैं। सेल में वेतन कम होने से डाक्टरों की भर्ती बंद है। भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने बताया कि ओपीडी में डाक्टरों की लेटलतीफी, गर्मी में कूलर पंखे व स्ट्रेचर जैसी समस्या बनी हुई है।

### डॉक्टरों की लेटलतीफी से हो रही परेशानी

बीएमएस की यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में हुई बैठक में सेक्टर 9 अस्पताल और टाउनशिप की समस्याओं और संयंत्र के भीतर सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई । पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि प्रबंधन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाए, तो कर्मचारियों के बढ़ते आक्रोश का सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। सेक्टर 9 अस्पताल की सीटी स्कैन स्कैन मशीन लंबे समय से खराब है, जिसके कारण अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले कर्मचारी और उनके परिजन रोज भटकने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ने के बाद भी ओपीडी प्रतीक्षालय में पर्याप्त कूलर नहीं होने से मरीजों परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी ओपीडी प्रतीक्षालयों में तत्काल कूलर एवं पंखे लगाने की व्यवस्था करने की मांग की गई है।ओपीडी में समय पर डाक्टरों के उपलब्ध नहीं होने से भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मरीजों की भीड़ एवं परेशानी को देखते हुए ओपीडी में डाक्टरो की बैठने की व्यवस्था की जाए ।

### दें इंसेटिव व बढ़ाएं सुरक्षा

यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि टाउनशिप की बुनियादी समस्याओं व संयंत्र के अंदर सुरक्षा संबंधी समस्याओ के निदान की मांग प्रबंधन से बैठक में की गई। 2007 से लंबित इंसेंटिव स्कीम का तत्काल पुनरीक्षण करने, टाउनशिप वासियों को टो टाइम जलापूर्ति, मुर्गा चौक से खुर्सीपार गेट तक ट्रैफिक व्यवस्थित व लाइट तथा बोरिया गेट और इस्पात भवन मार्ग पर अवैध कब्जों पर रोक पर जोर दिया गया। संयंत्र के अंदर मोटर साइकिल की गति 30 एवं कार की स्पीड गति 40 की गति पर चलाने का निर्देश दिया गया है जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कर्मचारियों के लिए है जिसे ठेका श्रमिकों एवं ठेकेदारों के लिए भी निर्धारित किया जाना चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिए जाने पर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बैठक में उपाध्यक्ष मृगेंद्र कुमार,सुधीर गडेवाल,जगजीत सिंह,संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल,जोगेंद्र कुमार,सचिव संजय कुमार साकुरे,संतोष सिंह,पूरन लाल साहू,संतोष जगन्नाथ नाले,घनशयाम साहू,राजीव सिंह,उपस्थित थे ।

## शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की पहल

# दीपक नगर स्कूल में बढ़ेंगी सुविधाएं, बनेंगे नए कक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों के उन्नयन और संधारण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग के दीपक नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का विस्तृत निरीक्षण किये जहां विकास कार्य किया जाना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किये और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- स्कूलों के उन्नयन व संधारण के लिए लगातार हो रहे प्रयास

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्कूल में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जिससे पढ़ाई का माहौल बेहतर बनेगा। इसके साथ ही स्कूल परिसर में डोमशेड का निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को खेलकूद, प्रार्थना सभा, शैक्षणिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियां और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं मौसम के अनुकूल स्थान उपलब्ध होगा।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों से स्कूल का शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा तथा विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 11 शासकीय स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जबकि 10 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू की गई है। इन स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल बोर्ड, ऑडियो-वीडियो सामग्री और आधुनिक तकनीक के जरिए पढ़ाई का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी समझ और रुचि में वृद्धि हो रही है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, पार्षद लीलाधर पाल, मनोज सोनी, आरईएस के इंजीनियर, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# ई-चालान पर भारी जुर्माने को लेकर विरोध कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई-चालान के माध्यम से लगातार की जा रही कार्रवाई और भारी-भरकम जुर्माना राशि के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आम नागरिकों को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान महंगाई के दौर में आम जनता, विशेषकर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार, पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में 2000 से 5000 तक के ई-चालान आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। कांग्रेस ने कहा कि कई मामलों में जानकारी के अभाव, तकनीकी त्रुटि अथवा अनजाने में हुई छोटी भूलों के कारण भी ई-चालान जारी हो रहे हैं, जो आम नागरिकों के लिए मानसिक तनाव और आर्थिक परेशानी का कारण बन रहे हैं। बाकलीवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा जरूरी है, लेकिन नियमों के पालन के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही आवश्यक है। मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में भारी-भरकम ई-चालान गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बन रहे हैं। छोटे उल्लंघनों पर चेतावनी, पहली बार गलती करने वालों को राहत और जुर्माने की राशि में व्यवहारिक कमी जैसे निर्णय आम जनता को बड़ी राहत दे सकते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक दुबे, राजेश यादव, रायसिंह ढिकोला, दीपक साहू , केके सिंह,गुरदीप भाटिया, आनंद ताम्रकर, दुष्यंत देवांगन सहित अन्य शामिल थे।

# जरवाय में पीएम मोदी की मन की बात सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता

**भिलाई।** पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के 132वें एपिसोड का श्रवण एवं दर्शन भाजपा भिलाई तीन मंडल के बूथ 263, ग्राम जरवाय में हनुमंत निषाद के निवास पर उत्साह पूर्वक सुना गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता प्रेम लाल साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि नाहर राजेंद्र साहू, कमलेश पांडेय, इतवारी मधुकर, पवन वर्मा, दिलीप निषाद बूथ अध्यक्ष गणेश ठाकुर भी मौजूद थे। प्रेम लाल साहू ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों को जोड़ने वाला जन-आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एपिसोड में देश की सकारात्मक ऊर्जा, नवाचार, स्वावलंबन, जनभागीदारी को नई दिशा देते हैं। आज मन की बात के माध्यम से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे और उसे निभाए। श्री साहू ने कहा कि नागरिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के छोटे-छोटे प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दी है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानकर कार्यकर्ता है। सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। संचालन मंडल मंत्री राजेंद्र साहू आभार हनुमंत निषाद ने किया।



# एसपी 2 की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एसपी-2 में महाप्रबंधक जागेंद्र कुमार और इंटक यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के बीच बैठक हुई। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा कार्यकारिणी की सूची प्रबंधन को सौंपा गया। बैठक में संयंत्र की मूलभूत समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई।

- इंटक यूनियन एवं प्रबंधन की बैठक

बैठक में एसबी-8, 9 एवं एम-18, 19 क्षेत्रों में डस्ट नियंत्रण एवं ईएसपी प्रणाली को प्रभावी बनाने की कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त कॉमन विश्राम कक्ष का निर्माण,कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की मांग की गई। साथ ही ठेका श्रमिकों के कौशल उन्नयन, पूर्ण निर्धारित वेतन दिलवाने की व्यवस्था एवं उनके सामाजिक सुरक्षा, पंखे एवं कूलर एवं वाटर कूलर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### मिला आश्वासन

महाप्रबंधक प्रभारी जागेंद्र कुमार ने डस्ट कंट्रोल के लिए किया जा रहे हैं कार्य की जानकारी दी और जल्द सेंटरिंग प्लांट 2 को डस्ट मुक्त करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से एलसीपी डोड्डी, डीएस परिहार, उप महाप्रबंधक मनोज कुमार, डी. तिर्की, मोहम्मद मजहर अनीस, श्रम अधिकारी राकेश साहू वइंटक यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा महासचिव संजय साहू सहित ताम्रध्वज सिन्हा, सच्चिदानंद पांडे उपाध्यक्ष सुरेश कुमाक, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शिव शंकर साहू पवन कुमार चौधरी रोहित कुमार वारे आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक दिन पहले बुलाई गई एमआईसी की बजट बैठक

# एमआईसी मेंबर चाह कर भी नहीं करा सके 223.51 करोड़ के बजट में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम के बजट में हो रही देरी को देखते हुए महापौर ने 30 मार्च को एमआईसी की बैठक बुलाई।इस दौरान निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने जो बजट पुस्तिका प्रस्तुत की महापौर शशि सिन्हा और उनकी एमआईसी ने उसे बिना विरोध स्वीकार कर लिया। एमआईसी की बजट बैठक में इतनी देरी हुई है कि सदस्य चाहकर भी बजट को संशोधित नहीं कर सके।

बजट को लेकर बुलाई गई एमआईसी की बैठक चार घंटे चली। इस दौरान एमआईसी के एक सदस्य ने बजट संशोधित करने के लिए जोर दिया लेकिन वित्तीय वर्ष 2025-26 का सोमवार 30 मार्च अंतिम दिन इसलिए था कि 31 मार्च को शासकीय अवकाश है। बजट संशोधित करते तो उसे फिर से एमआईसी में प्रस्तुत करने में 3 से 4 दिन का समय लगता।निगम के लेखाधिकारी जब एमआईसी को इसकी जानकारी दी तो सभी ने 223 करोड़ 51 लाख का बजट बिना किसी संशोधन के अंगीकार किया। आपको बता दें कि निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बजट फरवरी महीने में एमआईसी में भेजा था, लेकिन करीब दो महीने तक इस बजट को देखा तक नहीं गया। इससे एमआईसी और उनकी विकास को लेकर उठने वाली चिंता पर भी सवाल उठ रहे हैं।



फाइल फोटो

### कई मदों में संशोधन पर था जोर

एमआईसी की बैठक में मौजूद महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी के सात सदस्यों को बजट पुस्तिका प्रदान की गई। एक सदस्य सनीर साहू शहर से बाहर होने के चलते बैठक में उपस्थित नहीं हुए। बजट में चर्चा के दौरान एमआईसी के एक सदस्य ने निगम अधिकारियों से पूछा कि कितने का बजट है। सड़क, बिजली, नाली, कर्मचारियों के वेतन भत्ते सहित कई मदों के खर्च में कटौती करने की बात रखी। शिक्षा उपकर की राशि को निगम द्वारा संचालित स्कूल नहीं होने का हवाला देकर इसे खत्म करने पर जोर दिया। ऐसे संशोधन कर बजट 6 अप्रैल को सीधे सामान्य सभा में लाने कहा गया। इस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि संशोधित बजट फिर से एमआईसी में लाना होगा और उसके अनुमोदन के बाद सामान्य सभा में ले जाया जा सकता है। सामान्य सभा की तिथि भी पहले तय कर ली गई है।

### पिछले साल के बजट से साढ़े 12 करोड़ की बढ़ोतरी

रिसाली निगम ने वर्ष 2025-26 में 211 करोड़ रुपए का बजट लाया था। इस बार 223.51 करोड़ रुपए का बजट पेश किया जाना है। इस हिसाब से साढ़े 12 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी का यह बजट सामान्य सभा में प्रस्तुत होना है। रिसाली क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में पेयजल की समस्या है और गर्मी में यह समस्या विकराल रूप में पहुंच जाती है। इसलिए पेयजल से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए चार पानी टंकी का निर्माण बजट में रखा गया है। जो अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत है।

### एमआईसी से पारित बजट

“ एमआईसी से हमने निगम आयुक्त द्वारा प्रस्तुत बजट को सामान्य सभा के लिए अनुमोदित कर दिया है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार बजट में करीब 12 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य सभा में इस पर चर्चा होगी।

**शशि सिन्हा,** महापौर, नगर निगम रिसाली

# पति को आत्महत्या के लिए किया प्रताड़ित, पत्नी समेत 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पति को प्रति को आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ित करने वाले पत्नी, साला और उसके मामला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गया नगर वार्ड 4 दुर्ग निवासी विशाल गुप्ता ने 11 मार्च को आत्महत्या करने के पहले मोबाइल फोन में वीडियो रिकार्ड किया था। जिसमें पत्नी तनु उर्फ मोहनी गुप्ता और उसके परिजनों द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाया था। इससे परेशान होकर आत्महत्या करने की बात उल्लेख था। पुलिस ने जांच करने के बाद मृतक को वीडियों के आधार पर मौहदा, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश निवासी शिवा गुप्ता, सुमेरपुर पेलानी रोड, जिला हमीरपुर, उत्तर प्रदेश कृष्ण कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त किया है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम मटिया में 21वें वर्ष हनुमान जन्मोत्सव, हनुमत चरित्र कथा का शुभारंभ



**बालोद।** हनुमत आराधना स्थली ग्राम मटिया (पी) में लगातार 21वर्षों से आयोजित हनुमान जन्मोत्सव जो कि मारुति भैया बैंक मटिया(पी) और ग्रामवासियों द्वारा आयोजित होते आ रहा है। इस वर्ष पिछले साल की तरह हनुमत चरित्र कथा का त्रिदिवसीय आयोजन की शुरुआत वेदी पूजा के साथ की प्रारंभ हुई। इस सनातनी आयोजन में हनुमत चरित्र एवं आध्यात्मिक कथा वाचन हेतु ब्रह्मलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज जी के शिष्य प्रख्यात वेदांत प्रवक्ता डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को पुनः कथा व्यास हेतु आमंत्रित किया गया। कथा के प्रथम दिवस और द्वितीय दिवस हनुमान जी की स्तुति में श्रीमद राम चरित मानस के पंचम सोपान सुंदरकांड के मंगलाचरण के श्लोक अतुलित बल धामा, हेमशैलाभ देहम की विषद आध्यात्मिक निरूपण करते कहा कि एक हजार गज (हाथी) का जिसमे बल हो वह दिग्गज, जिसमे हजार दिग्गज का बल हो वह एरावत, हजार एरावत का जिसमे बल हो वह इंद्र, हजारों इंद्रों का जिसमे बल वह हनुमान। हनुमान नाम की व्याख्या करते। आपने कहा की जो अपने मान का हनन करे वह हनुमान। पौराणिक कथाओं का उद्धरण देकर पुष्टि करते उन्होने बताया कि रावण को रामायण में बलि बलशाली कहा चलत दशानन डोलत अवनी, दूसरा प्रमाण कौतुक ही कैलाश उठायो। इसी रावण को वानर राज वाली ने छह माह तक अपने कांख में दबा कर रखा वो अतिबलि, बाली मारने सुग्रीव के पास घोषणा किया सुनू सुग्रीव वाली मारिहउ एकही बाण ऐसी घोषणा भगवान ने की और ऐसे भगवान को नाम प्रताप जन हनुमानु, अपने बस करि राखे नामू उद्धरण देकर कथाव्यस राजपूत ने कहा कि इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने ख़हनुमान जी को अतुलित बल धामा। आक्रोश भरे आपने निराले अंदाज में सनातन के प्रखर प्रवक्ता ने धर्मांतरण पर प्रहार करते कहा कि इतने बलशाली अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता हनुमान जी के रहते क्यों धर्मांतरण करते है और भी आध्यात्मिक भावों के साथ संगीत की मधुरिम प्रस्तुति ने सभी सनातन भक्तों को मोहित किए रखा।

### गांजा के साथ महिला को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** महिला के साथ लाखों रुपए का गांजा को पुलिस ने जब्त किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुण्ठ धाम, दशहरा मैदान कैम्प 2 भिलाई में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने शीतला मंदिर के पास, चौरसिया होटल के पीछे, नंदनी रोड निवासी डी. सुनीता को पकड़ा गया। पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक थैले में 2.060 किग्रा गांजा जब्त किया।

### शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई।** अवैध रुप से शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बावर स्टेडियम, पीपल पेड़ के पास शराब बेचने की सूचना मिली थी। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम शीतला पारा भिलाई तीन निवासी विनोद कुमार बांधे बताया है। 34 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया गया।

# विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, टीबी मुक्त भारत का लिया संकल्प

**डौंडीलोहारा।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमओ डॉ. बी. के. चौरका ने की, वहीं अधीक्षक डॉ. एन. एस. भंडारी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. चौरका ने अपने उद्बोधन में बताया कि टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत बलगम जांच एवं दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही मरीज की पुष्टि होने पर शासन द्वारा उपचार अवधि में प्रति माह 1000 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। उन्होंने निश्चय मित्र बनकर मरीजों की देखभाल एवं उन्हें पोषण आहार किट उपलब्ध कराने की अपील की।

डॉ. भंडारी ने टीबी मरीजों की सतत निगरानी, जांच, उपचार एवं रोग निदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. सिद्धार्थ भारद्वाज ने बताया कि टीबी मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, इसलिए एच आई वी, शुगर सहित अन्य मरीजों को भी लक्षण के आधार पर टीबी जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी एस. एल. गंधर्व द्वारा किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों को टीबी मुक्त गांव एवं प्रदेश बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार भी वितरित किया गया।

**टीबी मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा और प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता : डॉ. चौरका**



#### सम्मानित किया गया

इस दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के आरएचओ (महिला-पुरुष), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं निश्चय मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं टीबी मुक्त भारत अभियान का बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रबंधन इकाई के प्रमुख दिनेश चंद्र खर्कवाल सहित फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल, फार्मेसी, नर्सिंग स्टाफ, ब्लॉक पर्यवेक्षक, टीबी पर्यवेक्षक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में जनसामान्य की सहभागिता रही।

### लापरवाही : अधूरा और निम्न गुणवत्ता का कार्य

# जल जीवन मिशन फेल, करोड़ों खर्च के बाद भी घरों में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना दल्लीराजहरा और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में सवालों के घेरे में आ गई है। साल्हे, सिघनवाही, बोरगांव, चिखली, नर्राटोला, ठेमाबुजुर्ग और खैरवाही जैसे गांवों में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद हालात यह हैं कि नल तो लगाए गए हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आ रहा। लोगों को आज भी पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

क्षेत्र में कई जगह पाइपलाइन बिछाने और टंकियों के निर्माण का कार्य अधूरा या निम्न गुणवत्ता का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआत में काम तेजी से हुआ, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूट चुकी है या कनेक्शन केवल कागजों में ही पूरे दिखाए गए हैं। इससे योजना का वास्तविक लाभ जमीन पर नजर नहीं आ रहा।

#### ग्रामीणों की पीड़ा

ग्रामीणों का कहना है कि "सरकार ने हर घर नल जल का वादा किया था, लेकिन आज भी हमें कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है। नल लगे होने के बावजूद पानी नहीं आने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।" महिलाओं और बच्चों को रोजाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी असर पड़ रहा है।





#### स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि योजना का उद्देश्य अच्छा था, लेकिन क्रियान्वयन में भारी लापरवाही बरती गई। "कई जगह सिर्फ दिखावे के लिए काम किया गया है। जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं होने से हालात बिगड़े हैं।"

#### जल्द ही नियमित जल आपूर्ति की जाएगी

पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा का कहना है कि लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्र में वर्किंग किया जा रहा है। नजर रखी हुई है। कुछ क्षेत्रों में तकनीकी और जल स्रोत से जुड़ी समस्याओं के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। विभाग द्वारा सुधार कार्य तेजी से कराया जा रहा है और जल्द ही सभी गांवों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**सागर वर्मा,** कार्यपालन अभियंता पीएचई विभाग

#### जनाक्रोश और सवाल

लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि जब करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, तो फिर पानी क्यों नहीं पहुंच रहा। योजना की मॉनिटरिंग और गुणवत्ता नियंत्रण पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई स्थानों पर केवल उद्घाटन और कागजी उपलब्धियों तक ही योजना सीमित नजर आ रही है।

#### समाधान की मांग

दल्लीराजहरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने शासन से मांग की है कि योजना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई हो, और जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल की जाए। लोगों का कहना है कि "हमें वादे नहीं, पानी चाहिए। इस पूरे मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना भी आम जनता के लिए सिर्फ एक अधूरी उम्मीद बनकर रह जाएगी।

## राजस्व व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने हटाया अवैध कब्जा



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में प्रशासनिक अमले के द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

इसके अंतर्गत एसडीएम बालोद नूतन कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पालिका के संयुक्त टीम के द्वारा नया बस स्टैण्ड बालोद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नया बस स्टैण्ड के अनेक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

## शाला खुंदनी में न्योता भोज कराया



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष दुलेश्वर यादव एवं उनकी पत्नी गायत्री गादव ने अपनी पुत्री भावना एवं भाविका के जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं रसोईयां उपस्थित थे।

## गर्मी की दस्तक, चौक-चौराहों कूलर खस प्लेट की दुकानें सजीं



**दल्लीराजहरा।** गर्मी ने जैसे ही तेवर दिखाने शुरू किए, शहर के प्रमुख इलाकों—जैन भवन चौक, श्रमवीर चौक, पुराना बाजार चौक और रेलवे स्टेशन रोड पर खस (खस-खस की जाली) बेचने वाले दुकानदारों की चहल-पहल बढ़ गई है। हर साल की तरह इस बार भी कूलर में लगने वाली खस की मांग अचानक तेज हो गई है, जिससे बाजार में रौनक लौट आई है और छोटे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। स्थानीय बाजारों में इन दिनों खस की खुशबू और ठंडी हवा का अहसास लोगों को आकर्षित कर रहा है।खस बेचने वाले दुकानदारों के अनुसार, खस से बने कूलर पैड न सिर्फ ठंडक बढ़ाते हैं, बल्कि प्राकृतिक सुगंध भी देते हैं, जिससे गर्मी के मौसम में राहत का अनुभव कई गुना बढ़ जाता है। यही वजह है कि लोग अब सिंथेटिक पैड की बजाय पारंपरिक खस को ज्यादा प्राथमिकता देने लगे हैं।200 प्रति खास एक कूलर में लगाया जा रहा है। 200 से 300 तक की रेंज उपलब्ध है।

#### कूलर में खस क्यों लगाया जाता है

विशेषज्ञों और दुकानदारों का कहना है कि खस एक प्राकृतिक घास होती है, जिसकी जड़ों में ठंडक बनाए रखने की अद्भुत क्षमता होती है। जब कूलर में पानी खस पर गिरता है, तो उससे गुजरने वाली हवा ठंडी होकर कमरे में फैलती है। इसके साथ ही खस की हल्की सुगंध वातावरण को ताजगी से भर देती है, जिससे गर्मी में भी सुकून का अहसास होता है।

खस एक प्राकृतिक उत्पाद है, जो लगातार पानी और धूप के संपर्क में रहने से धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है। समय के साथ इसमें फंगस, धूल और बदबू भी जमा होने लगती है, जिससे इसकी ठंडक देने की क्षमता कम हो जाती है। यही कारण है कि हर गर्मी के मौसम में खस को बदलना जरूरी हो जाता है, ताकि कूलर की कार्यक्षमता बनी रहे।

#### लगाने के फायदे

खस वाले कूलर से निकलने वाली हवा अधिक ठंडी और शुद्ध मानी जाती है। यह धूल को काफी हद तक रोकता है और कमरे में नमी बनाए रखता है, जिससे लू के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, इसकी प्राकृतिक खुशबू मानसिक सुकून देने में भी सहायक होती है। कई लोग इसे स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर विकल्प मानते हैं।

### बैंक कर्मी बनकर 4.22 लाख की ठगी

**भिलाई।** बैंक कर्मी बनकर मोबाइल हैक कर लाखों रुपए का ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि गुरुनानक नगर वार्ड 24 निवासी गिरधर लाल माखीजा बेकरी कारोबारी है। 28 मार्च को उनके मोबाइल पर अज्ञात ने काल कर बैंक कर्मी बनकर झांसा दिया। अज्ञात ने पीडित को एक ऐप डाउनलोड करने बोलबैंक कर्मी बनकर 4.22 लाख की ठगी, जुर्म दर्जा। एप लोड करने के बाद मोबाइल को हैक कर बैंक ऑफ बडौदा पदमनाभपुर डाऊनलोड करने के नाम पर लिंक भेजा। पीड़ित के खाते से 198001 रुपये फिर 125010 लाख रुपये, बैंक आफ बड़ोदा शाखा मेन ब्रांच मोहन नगर के खाते से 99510 रुपये कुल खाते से 4,22,522 रुपये की आनलाईन ठगी किया गया है। जानकारी लगने पर पीड़ित ने घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# दल्लीराजहरा में अवैध गुटखा की बिक्री जारी, आसपास के क्षेत्रों से सप्लाई, कार्रवाई की मांग

**दल्लीराजहरा।** जिले में अवैध गुटखा निर्माण पर कार्रवाई के बावजूद दल्लीराजहरा शहर में इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि शहर के भीतर किसी फैक्ट्री के संचालित होने की पुष्टि नहीं है, लेकिन आसपास के क्षेत्रों में संचालित अवैध इकाइयों से तैयार माल शहर के किराना दुकानों, पान ठेलों और छोटे व्यापारिक ठिकानों तक आसानी से पहुंच रहा है। इससे शहर में अवैध गुटखा की खुलेआम बिक्री जारी है।

दल्लीराजहरा स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से देर रात तक कई पान ठेलों और दुकानों में बिना किसी रोक-टोक के संदिग्ध पैकेट बेचे जा रहे हैं। इन पैकेटों में न तो मानक गुणवत्ता का पालन होता है और न ही किसी प्रकार की वैधानिक जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित होती है। कम कीमत और आसान उपलब्धता के कारण युवाओं और श्रमिक वर्ग में इसकी खपत तेजी से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय बनता जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि आसपास के ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों में छिपकर चल रही छोटी-छोटी अवैध इकाइयों से यह सामान शहर में सप्लाई हो रहा है। सप्लाई का नेटवर्क इतना व्यवस्थित है कि बिना किसी बड़े भंडारण के सीधे दुकानों तक माल पहुंच जाता है, जिससे पकड़ पाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। स्थानीय व्यापारियों ने भी इस पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि अवैध और सस्ते उत्पाद बाजार में आने से वैध व्यापार प्रभावित होता है और ग्राहकों का भरोसा भी कमजोर पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से नियमित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बिना मानक और मिलावटी गुटखा का सेवन गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है, जिसमें मुंह का कैंसर, मसूड़ों की बीमारी और अन्य घातक प्रभाव शामिल हैं। ऐसे में जागरूकता और सख्ती दोनों आवश्यक हैं। दल्लीराजहरा में भले ही फैक्ट्रियां न हों, लेकिन अवैध गुटखा की पहुंच और बिक्री एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है।



#### समय-समय पर हो रही जांच : खाद्य विभाग

जिला खाद्य विभाग अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि समय-समय पर दुकानों की जांच की जा रही है और संदिग्ध उत्पाद मिलने पर जब्ती और कार्रवाई की जाती है। विभाग का कहना है कि अवैध गुटखा के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### नगर पालिका ने बढ़ाई निगरानी

नगर पालिका की अधिकारी सीमा बक्शी ने कहा कि शहर में अवैध बिक्री पर नियंत्रण के लिए निगरानी बढ़ाई गई है। नगर पालिका टीम अन्य विभागों के साथ मिलकर दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर निरीक्षण कर रही है, ताकि ऐसे उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

# अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, 10 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला रोजगार कार्यालय ने युवाओं से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिये अधिसूचना जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र बालोद ने बताया कि भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 में वृद्धि कर 10 अप्रैल 2026 तक की गई होंने बताया कि जिले के अविवाहित, योग्य एवं इच्छुक आवेदक जिनका जन्म 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 तक है, अग्निवीर भर्ती –2027 हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अविवाहित पुरुष आवेदक भारतीय सेना की वेबसाइट पर अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेडमैन 08वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार 10 अप्रैल 2020 तक ऑनलाईन आवदेन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है।

इसी तरह भारतीय थल सेना में अविवाहित युवतियों की अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद में भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। जिसके लिए आवेदक की जन्मतिथि 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य होना आवश्यक है। भारतीय थल सेना में सिपाही फार्मा पदों पर अविवाहित पुरूष आवेदक हेतु आवेदक की जन्मतिथि 01 जुलाई 2002 एवं 01 जनवरी 2008 की मध्य होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा सीईई 01 जून 2026 से 15 जून 2026 के मध्य संभावित है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिये सेना भर्ती कार्यालय रायपुर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय थल सेना की वेबसाईट या जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

# बेलमांड के सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के आध्यात्मिकता की उर्वरा भूमि बेलमांड में सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा महावीर जयंती से हनुमान मंदिर में घट स्थापना पूजा के साथ हनुमान जयंती का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 54 मनोकामना ज्योत जलाई गई है। जहां आज 2 अप्रैल को हनुमत जन्मोत्सव पर सुबह पूजा आरती, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमान स्तुति कि ज़ाएगी। संध्या 4 बजे मनोकामना ज्योत जलनेवाले श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हवन के साथ आध्यात्मिक आयोजन की पूर्णाहुति होगी।



कार्यक्रम को सफल बनाने पंडा मुकेश साहू, यज्ञाचार्य पंडित मनोज शर्मा शास्त्री, ट्रस्ट के प्रमुख डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, योगेश्वर यादव, नेमी साहू, प्रमोद साहू, युवराज खरे, मुरली साहू, नरोत्तम साहू, फकीर नायक, संतराम साहू, आनंद साहू, डेमन यादव, भुनेश्वर कौशिक, टेमिन साहू, नंदकिशोर, हस्मिता ऋषि प्रसाद व अन्य सेवक सेवा में जुटे हुए है और सभी सनातन धर्मियों को नंदन सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति ने वर्ष व्यक्त की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्री हनुमान महोत्सव का आयोजन आज



**गुरूर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान महोत्सव का आयोजन 02 अप्रैल को श्री सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बाजार चौक गुरूर में किया गया है। जिसमें पूजन एवं आरती के तहत श्री राम भक्त हनुमान जी का विधि विधान से पूजा प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिसमे शाम 7 बजे आरती की जाएगी। वही दोपहर 12 बजे सुंदरकांड पाठ का सामूहिक आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद हनुमान चालिसा पाठ व प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह 5 अप्रैल को

**बालोद।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ बालोद द्वारा जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह का आयोजन 5 अप्रैल को गायत्री शक्तिपीठ बालोद में आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी होंगी। अध्यक्षता संयोजक भारतीय ज्ञान परीक्षा छ.ग रामपाल तिवारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला समन्यवक बालो व्हीएस अठनागर, पीएल साहरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा हिमांशु मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर ललित कुमार चन्द्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद मोहनी यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही श्रद्धा ठाकुर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, सेजस दुधली दुर्गेश नंदिनी यादव, सेजेस बालोद प्राचार्य अरूण कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

### पेंशनरों की बैठक 6 अप्रैल को, विभिन्न मांगों पर होगी चर्चा

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की तहसील शाखा डौंडीलोहारा की महत्वपूर्ण बैठक 06 अप्रैल सोमवार को दोपहर 12:00 बजे पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में 20 मार्च 2026 को हुए धरना प्रदर्शन की पांच सूत्रीय मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही तहसील के वार्षिक सदस्यता शुल्क एवं सदस्यता अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सदस्यों से अपने-अपने ग्रामों में सदस्यता सुनिश्चित कर जानकारी देने का आग्रह किया गया है। बैठक में गुंडरदेही में संपन्न जिला स्तरीय बैठक की जानकारी भी साझा की जाएगी। वहीं गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मई-जून माह में बैठक नहीं होने की जानकारी दी गई है। हालांकि पेंशनरों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष से संपर्क किया जा सकेगा। साथ ही आगामी हनुमान जयंती एवं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रकाश डालने की भी जानकारी दी गई। पेंशनर समाज के अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिक से अधिक पेंशनरों से बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## हनुमान जयंती पर अंचल में विशेष आयोजन

# नगर में हनुमान जयंती महोत्सव पर आज विविध धार्मिक कार्यक्रमों की होगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आज 02 अप्रैल गुरुवार को नगर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डौण्डी लोहारा स्थित श्री बालाजी मंदिर, विवेकानंद चौक तथा हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम के तहत प्रातः श्री बालाजी महाराज का विशेष पूजन किया जाएगा, जिसके पश्चात हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा पूजन एवं महाप्रसादी का आयोजन प्रारंभ होगा। वहीं प्रातः संकटमोचन हवन का आयोजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की जाएगी। सुबह प्रसाद वितरण एवं भंडारा प्रारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा अनुसार निरंतर चलता रहेगा। दोपहर 12:00 बजे से श्री शिव शक्ति मानस परिवार द्वारा मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

सायंकालीन कार्यक्रमों में शाम अखाड़ा प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक कला एवं शौर्य का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में शाम 07:00 बजे 56 भोग अर्पण एवं भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना है।

इस संपूर्ण आयोजन का संचालन श्री हनुमंत भक्त सेवा समिति एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति, डौण्डी लोहारा द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में की साफ-सफाई

**बालोद।** हनुमान जन्मोत्सव के पहले मंदिरो में साफ सफाई व रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत गायत्री परिवार बालोद द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान बालोद के पास पूर्व में लगाए गए विभिन्न पौधो पर तार जाली लगाकर पौधे को व्यवस्थित किया गया तथा पौधो की सुरक्षा को लेकर कार्य किया गया।





## ग्राम धनोरा में आज हनुमान प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बढ़े धुम धाम से हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा दरबार के लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि यह आयोजन 35 वर्षों से निरंतर चले आरे है। हर वर्षा हनुमान प्रकटोत्सव मे शोभायात्रा गली भ्रमण किया जाता है। एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

■ शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आकर्षण

हनुमान जन्मोत्सव के दिन शाम 4 बजे दरबार से शोभा यात्रा मनमोहक झांकी के साथ निकाला जाएगा। जो कि बजरंग पारा होते हुए बजार चौक मेन गली शितला पारा होते बम्ल ई पारा गोल्डन चौक होते महावीर उद्यान पहुंच कर हनुमान जी के हार फुल चढ़हा कर पुजा पाठ करके फिर झंडा पताका फहराया जाएगा। सभी भक्तों द्वारा पूजा पाठ किया जाएगा। महावीर उद्यान के पास भंडारा खिचड़ी हलुआ प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम रखा गया है। अतः सभी भक्तों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस शोभायात्रा मे शामिल होने की कृपा करे इस दौरान मुख्य रूप से शामिल रहेगे। दरबार केनंद पंडा विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन बाबू लाल साहू दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व, सुनील एम लाल देवांगन, कल्याण देवांगन, ललित साहू ,रोशन साहू, डॉ धनेशवर साहू, योगेश साहू, भोलू खिलेशवर साहू ,सुंदर सपरे, चन्द्र कांत देवांगन, दिनेश यादव, रामु यादव ओमकार, साहू टीकम गुमान, साहू तोमन, गजपाल, उमेश साहू, इतवारी पटेल हितेंद्र कुमार कुणाल।

## जमरूवा के संकटमोचन हनुमान मंदिर में उमड़ी आस्था

**बालोद।** ग्राम जमरूवा के संकटमोचन हनुमान मंदिर जहां हनुमान जयंती पर आस्था का सैलाब उमड़ता है। कहते हैं कि जहां अटूट श्रद्धा होती है, वहां पत्थर में भी भगवान साक्षात वास करते हैं। कुछ ऐसी ही महिमा है जमरूवा में विराजित हनुमान जी की, जिनकी ख्याति अब केवल गाँव या आसपास के इलाकों तक सीमित नहीं रही। आज यहां दूर–दराज के जिलों और अन्य प्रदेशों से भी भक्त अपनी झोली फैलाने पहुंचते हैं।



**भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र :** जमरूवा के हनुमान जी के बारे में मान्यता है कि यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। यहां आने वाले भक्त अपनी विशेष मन्नत लेकर आते हैं उनकी झोली हनुमान जी खुशियों से भर देती हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हनुमान जी हर भक्त की मुराद पूरी करते हैं और दुखों को हर कर उनकी झोली खुशियों से भर देते हैं। मंदिर की बढ़ती प्रसिद्धि के कारण अब अन्य जिला से भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

**विशाल भंडारा का आयोजन :** हनुमान जी के दर्शन के बाद भक्तों के लिए प्रसाद और भंडारे की विशेष व्यवस्था की जाती हैं।

### हनुमान जयंती पर विशेष आयोजन

इस वर्ष कि भांति हनुमान जन्मोत्सव पर जमरूवा में उत्सव का माहौल है। सुबह से ही मंदिर के बाहर लंबी कतारें लगी हैं। भोर में हनुमान जी का पंचामृत स्नान और सिंदूरी चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार किया जाता है। साथ ही मंदिर प्रांगण में भक्तिमय माहौल के बीच सुंदरकांड और रामायण का पाठ भी किया जाता है। मंदिर परिसर जय श्री रामश और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठता है।

## ग्राम मचांदुर में सामुदायिक शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा (जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़) शिक्षा संकाय द्वारा बी.एड., बी.एस.सी. बी.एड., एवं डी.एल.एड. के छात्राध्यापक हेतु ग्राम मचांदुर में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, व्यावहारिक ज्ञान तथा समुदाय के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना था। इस अवसर पर शैलदेवी महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने सफल सामुदायिक शिविर के आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की और कहा की यह सामुदायिक शिविर छात्राध्यापको को जीवन की वास्तविकता से जोड़ेगा।

■ प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता का संदेश

सामुदायिक शिविर का प्रारंभ प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने "नियमित स्वच्छता" का संदेश जन-जन तक पहुँचाते हुए इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामवासियों के मध्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सशक्त संचार किया। विद्यार्थियों की इस जीवंत प्रस्तुति ने न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि उन्हें स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

इसके उपरांत छात्राध्यापक स्थानीय शासकीय विद्यालय पहुँचकर बच्चों के साथ विविध खेलकूद एवं शिक्षण-संबंधी रचनात्मक गतिविधियां संपन्न कराते हुए बाल विद्यार्थियों में उत्साह, सहभागिता एवं सीखने की रुचि को सुदृढ़ किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा ग्राम के घर-घर जाकर सामाजिक एवं शैक्षिक स्थिति का सर्वेक्षण किया गया, जिससे उन्हें ग्रामीण परिवेश, वर्तमान जीवनशैली और समस्याओं की वास्तविक अनुभूति प्राप्त हुई। दोपहर पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युगल किशोर साहू, सरपंच, उप सरपंच, पंच एवं ग्राम मचांदुर के गणमान्य नागरिक, पंचायत सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत डी.एल.एड. विद्यार्थियों द्वारा "शिक्षा का महत्व" विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहन रूप से प्रभावित किया। वहीं बी.एड. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनोहारी नृत्य ने कार्यक्रम में उल्लास एवं ऊर्जा का संचार किया। मंच संचालन संदीप कुमार एवं लक्ष्मी तपाड़िया द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रजनी राय (विभागाध्यक्ष) द्वारा किया गया। यह सामुदायिक शिविर विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त शिक्षण-अनुभव सिद्ध हुआ, जिसमें उन्हें समाज के साथ जुड़कर कार्य करने, सहयोग एवं सेवा की भावना विकसित करने तथा अपने व्यावहारिक शिक्षण कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त हुआ।

## भीमपुरी में त्रि-दिनी श्री राम कथा का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर वनांचल के ग्राम भीमपुरी स्थित राम जानकी मंदिर में 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक त्रि-दिवसीय श्री राम कथा प्रवचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। आयोजन के अंतर्गत प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता हीरेन्द्र शर्मा (पलान्दूर वाले) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक श्री राम कथा का रसपान करा रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य भूपेश प्रसाद पांडे (अरजपुरी वाले) के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

यह आयोजन सिन्हा परिवार एवं समस्त ग्रामवासी, भीमपुरी द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

## तीन चरणों में आयोजित होंगे राजस्व पखवाड़े ग्रामीणों को मिलेगा त्वरित समाधान

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र की जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा डौंडीलोहारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी हल्कों एवं ग्राम पंचायतों में 'राजस्व पखवाड़ा' का आयोजन किया जाएगा। यह पखवाड़ा अप्रैल से जून 2026 तक तीन चरणों में आयोजित होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल, द्वितीय चरण 4 से 18 मई तथा तृतीय चरण 1 से 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राजस्व से जुड़े लंबित एवं विवादित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। पखवाड़ा के अंतर्गत नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई अनुमति, नक्शा बंटांकन सहित समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही भू-स्वामी खातों में आधार, मोबाइल नंबर, किसान किताब एवं जेंडर संबंधी प्रविष्टियों को अद्यतन किया जाएगा।

■ नामांतरण, सीमांकन सहित लंबित मामलों का होगा निराकरण

■ राजस्व अभिलेखों की शुद्धता के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

शिविरों में प्राप्त आवेदनों जैसे फौती नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार आदि का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति, पशु हानि आदि से संबंधित आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित समाधान किया जाएगा। भू-अर्जन से जुड़े मामलों में सेवा शुल्क की जानकारी अद्यतन की जाएगी तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत अभिलेखों का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही वार्षिक कृषि सांख्यिकी, रकबा एवं फसल प्रतिवेदन (वर्ष 2025-26) की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व अभिलेखों की शुद्धता के तहत त्रुटिपूर्ण, संदिग्ध, शून्य रकबा, भू-स्वामी विहीन एवं संयुक्त खातों के सुधार कार्य भी किए जाएंगे। बी-1, खसरा एवं किसान किताब से जुड़े आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। इसके अलावा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में निराकरण लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों की दैनिक जानकारी निर्धारित प्रपत्र में संधारित की जाएगी। प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें और अपनी समस्याओं का समाधान समय पर करवा सकें।

## युवा गजलकार जलज कुमार ताम्रकार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर के नवोदित युवा गजलकार जलज कुमार ताम्रकार का जिले में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम कवित्री गायत्री साहू के शिव जी मेरे आराध्य किताब विमोचन में सम्मान किया गया।

■ शिव जी मेरे आराध्य पुस्तक विमोचन में उभरी युवा प्रतिभा

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने कहा कि युवाओं का सकारात्मक सोच, साहित्य समाज में चिंतन के साथ समाधान प्रस्तुत करने में सहायक होता है। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बालोद के अध्यक्ष केशवराम साहू ने कहा की नई पीढ़ी का जुड़ना साहित्य समाज के लिए सकारात्मक संदेश है, सम्मान मिलने से प्रतिभा विकास की ओर अग्रसर होती है, गजल भावों की अभिव्यक्ति का एक अनोखा अंदाज है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजभाषा आयोग समन्वयक इकबाल तन्हा, शमीम सिद्दीकी, राष्ट्रीय कवि संगम जिला अध्यक्ष भारत बुलंदी, तुलसी मानस प्रतिष्ठान गुरूर के अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मण उमरे, दिगेंद्र साहू, राजेश कला के साथ कवित्री गायत्री साहू, हर्ष देवांगन, गीता विश्वकर्मा, परवीन बुशरा, अखिलेश मिश्रा, अशोक आकाश, जयकांत पटेल, पुष्कर सिंह राज, सुंदरलाल गंधर्व के साथ सरस साहित्य समिति के अशोक साहू, शिवकुमार अंगारे, रमेश यादव, कृष्ण कुमार दीप, माखनलाल, योगेश छत्तीसगढ़िया, विजय कुमार टंडन देवेंद्र कौमार्य, थानमल जैन, द्रोण सरवा, नीलमदास मानिकपुरी, लिलार सिन्हा ने हर्ष व्यक्त की।

### लोक महोत्सव ग्राम देवगहन आज से

**अंडा।** लोक महोत्सव ग्राम देवगहन हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम देवगहन में दो दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 2 एवं 3 अप्रैल को किया है। जिसमें विशेष आकर्षण 3 अप्रैल को संध्या कालीन पटपर की सुप्रसिद्ध जस गीत झांकी की प्रस्तुति है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य रमेश सिन्हा ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### 40 फीट शिवलिंग सहित 12 ज्योर्तिलिंग दर्शन होंगे

## बालोद में कल से लगेगा शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 3 अप्रैल से आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेला का उद्घाटन करने के लिए ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की मुख्य संचालिका बी.के. रीटा दीदी का आगमन बालोद में होने जा रहा है।

■ राजयोग, आत्मज्ञान और व्यसन मुक्ति प्रदर्शनी से मिलेगा आध्यात्मिक संदेश

3 अप्रैल से आयोजित इस मेले में 40 फीट ऊंची शिवलिंग प्रतिमा, 12 ज्योर्तिलिंग दर्शन, आत्मज्ञान, परमात्मज्ञान, कुंभकरण की तैतन्य झांकी, राजयोग की विजुअल अनुभूति, व्यसन मुक्त जीवन शैली प्रदर्शनी एवं बच्चों के लिए मूल्य आधारित गेम्स मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा।

ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि लगभग 15 दिनों से चल रहे इस मेले की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। नगर में होर्डिंग्स एवं कार्ड पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक मेला अपने आप में अद्वितीय इसलिए है, क्योंकि बाकी मेलों में लोग धन खर्च करके मनोरंजन करने जाते है लेकिन घर में आने पर स्थिति ज्यों की त्यों रहती है, जबकि यहां पर लोग मनोरंजन के साथ–साथ भगवान शिव को पूर्णतः समझ सकेंगे तथा राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से स्थाई खुशी प्राप्त करने की विधि को समझ पायेंगे वो भी पूर्णतः निःशुल्क है।




दीदी ने आगे बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में संस्था की ओर से प्रतिदिन अलग–अलग वर्ग जैसे युवा वर्ग, महिला वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोंजित किया गया है।

इस मेले का उद्घाटन दुर्ग क्षेत्र की संचालिका बी.के. रीटा दीदी के द्वारा किया जाएगा, जिसके पश्चात यह मेला प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किलकारी बगीचा आमापारा बालोद में संचालित होगी।

अध्यात्म को जानने समझने के इस स्वर्णिम अवसर से कोई भी भाई–बहनें वंचित न रहें और अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ अवश्य लेवे।

